दिन–शनिवार दिनांक– 23 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट का परिणाम जारी कर दिया है। पटना के तुषार कुमार ने कला में चार सौ बयासी अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, सीवान के मृत्युंजय कुमार ने विज्ञान में चार सौ इक्यासी नम्बर के साथ राज्यभर में पहला स्थान प्राप्त किया है और शेखपुरा की प्रिया कुमारी ने वाणिज्य में चार सौ अठ्हत्तर अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि साइंस में सत्तासी दशमलव आठ, आर्ट्स में छियासी दशमलव एक–पांच और कॉमर्स में चौरानवे दशमलव आठ–आठ प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। सारण की सिमरन गुप्ता और सीतामढ़ी के वरूण कुमार विज्ञान में संयुक्त रूप से दूसरे जबकि गोपालगंज के प्रिंस कुमार तीसरे स्थान पर रहे हैं। कला संकाय में पटना की निशी सिन्हा ने दूसरा और तन्नु कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, वाणिज्य संकाय में पटना के सौरभ कुमार ने दूसरा और प्रवीण कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इधर, बोर्ड अध्यक्ष ने कहा है कि इकतीस मार्च तक मैट्रिक परीक्षा का परिणाम भी जारी कर दिया जाएगा।

———————————————————————

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई ने कदाचार में लिप्त होने के आरोप में देशभर के बीस संबद्ध विद्यालयों की मान्यता रद्द कर दी है। सीबीएसई की एक अधिसूचना में कहा गया है कि बोर्ड के औचक निरीक्षण में परीक्षा नियमों की अनदेखी की शिकायतों की पुष्टि हुयी है और इन विद्यालयों में कई विसंगतियां पाई गईं। सीबीएसई ने यह भी कहा है कि ये स्कूल डमी छात्रों और अयोग्य उम्मीदवारों को परीक्षा में शामिल करने जैसे विभिन्न कदाचार कर रहे थे और रिकॉर्ड ठीक से नहीं रख रहे थे।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। बैठक में लोकसभा चुनाव को

लेकर पार्टी अपने उम्मीदवारों की पांचवी लिस्ट पर विचार–विमर्श किया जाएगा। इस बैठक में बिहार की सत्रह संसदीय क्षेत्रों के लिए पार्टी प्रत्याशियों के नाम पर भी विचार किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, राज्य चुनाव समितियों के सदस्य और पदाधिकारी भी बैठक में शामिल होंगे।

————————————————————————

चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई विशेष कार्यक्रम चला रहा है। लोकसभा चुनाव में अठारह से उन्नीस वर्ष की आयु के लगभग एक करोड़ अस्सी लाख युवा पहली बार मतदान करेंगे। आयोग ने पहली बार मत देने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए 'आई वोट फॉर श्योर' सोशल मीडिया अभियान की शुरूआत की है।

————————————————————————

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार ने घोषणा की है कि वे इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। मीरा कुमार सासाराम संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर कई बार चुनाव लड़ चुकी हैं।

————————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को उनकी शहादत दिवस पर याद कर रहा है। इस अवसर पर देश और प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राजधानी पटना में करगिल चौक पर भगत सिंह की प्रतिमा स्थल पर राजकीय समारोह आयोजित किया गया। जहां जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक समेत कई गणमान्य लोगों ने शहीद–ए–आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

————————————————————————

महान स्वतंत्रता सेनानी और प्रखर समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की भी आज जयंती है। श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर पटना के लोहिया उद्यान में आयोजित राजकीय समारोह में जिलाधिकारी शींषत कपिल अशोक और अन्य गणमान्य लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम में परिवर्तन दर्ज किया गया है। पिछले दो दिनों से जारी बारिश का सिलसिला रूक गया है और अधिकतर स्थानों पर मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज के गलगलिया में हल्की वर्षा दर्ज की गयी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज और अररिया समेत राज्य के उत्तर–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है, जबकि अन्य भागों में मौसम शुष्क रहेगा।

———————————————————————————————

सशस्त्र सीमा बल एसएसबी की पैंतालीसवीं बटालियन की टीम ने सुपौल जिले के फतेहपुर और भीमनगर सीमा क्षेत्र से अड़सठ किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वहीं, अररिया जिले के घूरना सीमा क्षेत्र से पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान पैंतालीस किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।